**सुविचार** –सबसे बड़ा दीन दुर्बल वह है , जिसका अपने ऊपर नियंत्रण नहीं ।

साप्ताहिक

डाक रजि./MP HSD/13/2021-2023/24-26 आर.एन.एन.ए.पंजीयन संख्या-47485/86

सच की बात-सहजता के साथ

# पिपरिया प्रकाश

http://www.pipariyaprakash.com E-mail-pipariyaprakash@gmail.com Mob. 9425708959

वर्ष-39 अंक -51 पिपरिया (म. प्र.) दिन -गुरुवार दिनांक-6 नवम्बर 2025 मूल्य-5/00 पृष्ठ -8

## कार्तिक पूर्णिमा और देव दीपावली पर नर्मदा तट सांडिया में उमड़ा आस्था का सैलाब

### हजारों श्रद्धालुओं ने नर्मदा नदी में लगाई आस्था की डुबकी, घाटों पर जलाए दीप, गूंजे "हर हर नर्मदे" के जयकारे

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, पिपरिया ।** नर्मदापुरम् पिपरिया सांडिया,कार्तिक पूर्णिमा और देव दीपावली के पावन अवसर पर बुधवार को नर्मदा नदी के पवित्र तट सांडिया में भक्तिभाव और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह से ही श्रद्धालु दूर–दूर से यहाँ पहुँचने लगे थे। दोपहर तक पूरा घाट आस्था से सराबोर हो गया। माँ नर्मदा के पवित्र जल में स्नान कर श्रद्धालुओं ने पुण्य लाभ लिया और दीपदान कर अपनी मनोकामनाएँ मांगीं। नर्मदा तट पर "हर हर नर्मदे" और "जय माँ नर्मदे" के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। महिलाएँ पारंपरिक वेशभूषा में दीप लेकर घाटों पर उतरीं और परिवार सहित माँ नर्मदा की आरती उतारी।

सेवा भावियों ने की व्यवस्था, जगह–जगह लगाए भंडारे व चाय सेवा– श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सांडिया में जगह–जगह सेवा शिविर लगाए गए। सेवाभावियों द्वारा चाय, पोहा, पुलाव और खिचड़ी की निशुल्क सेवा दी गई। स्थानीय संगठन और स्वयंसेवकों ने यातायात और सुरक्षा व्यवस्था में प्रशासन का पूरा सहयोग किया। नगर के सामाजिक संगठनों ने भी घाटों की साफ–सफाई और पीने के पानी की व्यवस्था में योगदान दिया।

देव दीपावली का आध्यात्मिक महत्व– हिन्दू धर्मशास्त्रों के अनुसार, कार्तिक पूर्णिमा का दिन स्नान, दान और दीपदान के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है। कहा जाता है कि इसी दिन भगवान विष्णु ने मत्स्य अवतार धारण किया था। देव दीपावली पर ऐसा विश्वास है कि देवता स्वयं पृथ्वी पर उतरकर माँ नर्मदा सहित पवित्र नदियों के घाटों पर दीप जलाते हैं।

संध्या समय दीपों से जगमगाया सांडिया घाट –संध्या के समय सांडिया घाट का नजारा अद्भुत था। हजारों दीपों की पंक्तियों से पूरा नर्मदा तट आलोकित हो उठा। दूर–दूर तक दीपों की झिलमिल रोशनी ने ऐसा दृश्य बनाया मानो धरती पर उतर आई हो देव दीपावली। घाट पर आरती के दौरान गूंजते भजनों और शंखध्वनि ने वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया।

आस्था के साथ स्वच्छता का संदेश भी– सेवा शिविरों और स्वयंसेवकों ने श्रद्धालुओं से नर्मदा तट की स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। "माँ नर्मदा हमारी आस्था की धारा हैं, उनकी स्वच्छता हमारी जिम्मेदारी है" इस संदेश के साथ लोगों को कचरा और प्लास्टिक नदी में न डालने के लिए प्रेरित किया गया।

आस्था, संस्कृति और सेवा का संगम– सांडिया का यह आयोजन केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और सेवा भाव का प्रतीक बन चुका है। हर उम्र, हर वर्ग के लोग एक साथ माँ नर्मदा के चरणों में झुके, जिससे यह पर्व आस्था के साथ मानवता और पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश देता दिखा। (छगन कुशवाहा पिपरिया)



## नर्मदापुरम की बेटियों ने रचा इतिहास राज्य स्तरीय सब–जूनियर रग्बी चौम्पियनशिप में गोल्ड पर कब्जा

### रतलाम को 05–00 से हराकर बनी प्रदेश विजेता टीम कप्तान आकांक्षा नायर बनीं बेस्ट प्लेयर

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, पिपरिया ।** (छगन कुशवाहा पिपरिया) नर्मदापुरम् पिपरिया,भोपाल मध्य प्रदेश रग्बी फुटबॉल संघ द्वारा 26 से 28 अक्टूबर तक राजधानी भोपाल में आयोजित सब–जूनियर राज्य स्तरीय रग्बी प्रतियोगिता में नर्मदापुरम की बालिका टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रच दिया।







यह जीत नर्मदापुरम जिले में रग्बी खेल के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुई है। फाइनल मुकाबले में नर्मदापुरम टीम ने रतलाम को 05–00 के अंतर से पराजित कर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। प्रतियोगिता में बेस्ट प्लेयर का खिताब टीम की कप्तान आकांक्षा नायर को मिला।

टीम की अन्य खिलाड़ी अंकिता तिवारी, राशिका पटेल, रिंशी रघुवंशी, हर्षिता राजपूत, पलक पटेल, रिया सोनी, काजल नागवंशी, राधिका, सोनम कहार ने दमदार प्रदर्शन से जीत में अहम भूमिका निभाई।

जिला रग्बी संघ के सचिव सचिन पुर्विया ने बताया कि यह उपलब्धि नर्मदापुरम में खेल प्रतिभाओं की बढ़ती क्षमता और समर्पण का परिणाम है। टीम की शानदार जीत पर सेवानिवृत्त क्रीड़ा अधिकारी व्ही.एस. चौहान, सांसद दर्शन सिंह चौधरी, विधायक ठाकुरदास नागवंशी, शालेय जिला क्रीड़ा अधिकारी वंदना रघुवंशी, जिला खेल अधिकारी उमा पटेल सहित अनेक खेलप्रेमियों एवं जनप्रतिनिधियों अरविंद कुमार शर्मा, उमेश बरैया, मनोज नागोत्रा, नीलम पचौरी, अरविंद राय, संदीप,शरद द्विवेदी, नीरज बसेडिया, मयूर वर्मा, वीरेंद्र पटेल, प्रीतम सिंह पुर्विया, बब्लू साहू, जावेद खान, अतुल परसाई, निशा ठाकुर, डाली मीना, अफसा खान, ज्योति, शिवम पुर्विया, राजेश मांझी, सौरव कहार, अतुल धुर्वे, आशीष प्रजापति, आयुष भार्गव, आदित्य कुशवाहा ने टीम को बधाई दी और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## पचमढ़ी में कांग्रेस संगठन सृजन प्रशिक्षण शिविर

### दूसरा दिवस– धर्मनिरपेक्षता, संगठन सशक्तिकरण और जनसंघर्ष पर केंद्रित सत्र



**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, पिपरिया ।** नर्मदापुरम् पचमढ़ी,जिला कांग्रेस अध्यक्षों के संगठन सृजन प्रशिक्षण शिविर के द्वितीय दिवस आज तीन विषयगत सत्रों का आयोजन हुआ, जिनमें पार्टी की विचारधारा, संगठन विस्तार और आगामी आंदोलनात्मक रणनीति पर विस्तृत विमर्श हुआ। पहले सत्र में विधायक एवं एआईसीसी सचिव काज़ी निजामुद्दीन ने "धर्मनिरपेक्षता और सद्भाव" विषय पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की आत्मा एकता, विविधता और सद्भाव में निहित है, जिसे हर स्तर पर सशक्त बनाए रखने की जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं की है। दूसरे सत्र में सांसद शशिकांत सेंथिल ने "संगठन निर्माण की प्रक्रिया" विषय पर प्रशिक्षण दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संगठन को ग्राम स्तर तक विस्तार देना और जनता के मुद्दों से जोड़ना ही मजबूत संगठन की कुंजी है। उन्होंने जनसंपर्क के माध्यम से जनता के बीच कांग्रेस की नीतियों को प्रभावी ढंग से पहुँचाने के सुझाव दिए। तीसरे सत्र में विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार ने "मध्य प्रदेश सरकार की विफलताएं, जनहित के मुद्दे और कांग्रेस की आगामी आंदोलनात्मक रणनीति" विषय पर उद्बोधन दिया। उन्होंने प्रदेश की भाजपा सरकार पर जनविरोधी नीतियों का आरोप लगाते हुए कहा कि अब समय है जनता के बीच जाकर कांग्रेस के संकल्पों को सशक्त रूप से प्रस्तुत करने का। शिविर में विभिन्न जिलों से आए कांग्रेस पदाधिकारियों ने भी चर्चा में सक्रिय भागीदारी निभाई। (छगन कुशवाहा पिपरिया)

## सम्पादकीय


# खिलाड़ियों को सकारात्मक उर्जा से भर देगी यह जीत

किक्रेट में विश्व विजेता बन कर हमारी बेटियों ने इस खेल और इससे जुड़े तमाम खिलाड़ियों को नई उंचाईयों पर पहुंचाया है। घर और समाज की तमाम बाधाओं को पार कर बेटियां खेलों में अपना भविष्य तलाशने उतरती है। जब वे किसी भी खेल में विश्व में अपना नाम करती है तो आने वाली कई पीढ़ियों को इसका लाभ मिलता है। खेल को लेकर हमारे देश में उतना सकारात्मक माहौल आज भी नहीं है हालांकि परिवर्तन अवश्य आया है लेकिन फिर भी सजहता से कोई इसे स्वीकार नहीं कर पाता कि उनका बच्चा किसी खेल में अपना भविष्य बनाना चाहता है। इस तरह की विजय उन तमाम किवदंतियों को तोड़ने में बहुत मददगार होती है।

हालांकि हमारे देश की बेटियों ने कठिन से कठिन खेल में अपना परचम लहराया है। हर स्थान पर बेटियों ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है। बेटियों ने अपनी काबिलियत का लोहा कई बार मनवाया है। लेकिन महिला क्रिकेट टीम का विश्व विजेता बनना क्रिकेट प्रेमियों के लिए बहुत बड़ी खुश खबरी है। हमारे देश में दूसरे तमाम खेलों की तुलना में क्रिकेट के प्रति दीवानगी कहीं अधिक है इसीलिए क्रिकेट के खेल में जमकर पैसों की बारिश भी होती है। क्रिकेट की लोकप्रियता ही है कि जीतने के तुरंत बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने खिलाड़ी दीप्ती का त्वरित प्रभाव से प्रमोशन कर दिया। दूसरे खेलों से जुड़े खिलाड़ियों को किसी भी तरह का लाभ मिलना इतना आसान नहीं होता ।

एकदिवसीय क्रिकेट में भारतीय महिला टीम ने विश्व विजेता बनकर उन तमाम खिलाड़ियों के सपने को साकार किया है जिसका ख्वाब हर भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी देखता है। तमाम समस्याओं को पार कर इन खिलाड़ियों ने इस मुकाम को पाया है। इस जीत ने उनके संघ को नई उंचाईयां दी है। भविष्य में इस खेल से जुड़ने वाले खिलाड़ियों में चार गुना उत्साह भर दिया है। यह पहला मौका है जब किसी भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने यह सफलता हासिल की है। तमाम खिलाड़ियों को बहुत -बहुत बधाई व शुभकानाएं .......

# गुरूनानक देव जी के प्रकाश पर्व की लख-लख बधाईयां




गुरूनानक देव जी के 556 वे प्रकाश पर्व की आप सभी को लख लख बधाईयां ....... तलवंडी की पावन भूमि पर 1469 में श्री गुरू नानक देव जी का जन्म हुआ। उन्होंने मानवता को -उचय-उचय'' एक ओंकार सतनाम '' का संदेश दिया अर्थात ईश्वर एक और सत्य उसका नाम है।

गुरूनानक देव जी कहते थे कि सच्चा वह है जो सच को जिएं उन्होने मानवता को सात प्रमुख संदेश दिए .......... एकत्व का संदेश, ध्यान और स्मरण, ईमानदारी से कमाने का संदेश, समानता और स्त्री सम्मान, सार्वभौमिकता व प्रेम का संदेश । जात -उचय पात के भेद को मिटाने के लिए गुरूनानक देव जी ने लंगर की शुरूआत की थी आज इन्हीं लंगरों के माध्यम से ना जाने कितने भूखों को भोजन मिलता है । सच्चे, प्रेम और अपनेपन से लंगरों में भोजन परोसा जाता है। आज उनके प्रकाश पर्व पर देशभर के सभी गुरूद्वारों में संकीर्तन संजेगे और लंगर लगाएं जाएंगे।

-श्रद्धा मंडलोई

## सोहागपुर में मानसिक स्वास्थ्य शिविर- 74 लोगों की स्क्रीनिंग, 11 पॉजिटिव मरीजों का इलाज

जनसंपर्क नर्मदापुरम । सोहागपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ नरसिंह गेहलोत के निर्देश पर मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 74 लोगों की स्क्रीनिंग की गई, जिसमें 11 पॉजिटिव रोगियों को दवा और परामर्श दिया गया।

शिविर में क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट नाजिया सिद्दीकी ने अवसाद, नशा, ओसीडी, सिजोफ्रेनिया जैसी बीमारियों के बारे में जानकारी, जिला अस्पताल मे स्थित मनकक्ष के कार्यो की जानकारी एवं मनहित एप और टेलीमानस सेवा के बारे में बताया गया तथा जिसमें टोल फ्री नंबर 14416 की विस्तृत जानकारी दी गई।

इस अवसर पर बीएमओ डॉ. रेखा गौर, डॉ अंकित गौर मनकक्ष नोडल अधिकारी, डॉ अरुण यादव, डॉ प्रसन्नजीत सिंहा, निधि पटवा सहित अन्य स्टॉफ उपस्थित रहा।

करें नवशिशु का स्वागत, प्यार दुलार।
न्यू ललित किड्स कॉर्नर में श्रीमान् पधारें।
नवशिशु के स्वागत के लिए- गद्दे तकिये सेट, मच्छरदानी, बाकर बाबागाड़ी, झूला, खेल खिलौने आदि की विस्तृत श्रृंखला।
साथ ही आप सभी के लिए अंडर गारमेंट्स की संपूर्ण रेंज।
न्यू ललित होजरी एण्ड किड्स कार्नर
3-4 ललित आर्केड, मीठी गली, पिपरिया

विकी हार्डवेयर स्टोर्स
फोन कार्यालय 224664,
निवास- 222664मो. 9893200814
सिंधी गुरू मंदिर के सामने पचमढ़ी रोड, पिपरिया
बिरला व्हाइट सीमेंट एवं वाल केयर पुट्टी
उच्चकोटि के लोहा व सीमेंट एवं भवन सामग्री के थोक व फुटकर विक्रेता


गोपी गहना
चांदी, सोना आभूषण एवं गिफ्ट आईटम के विक्रेता
अब आनन्द बाग मार्ग चिन्ताहरण मंदिर के पास
पुलिया के सामने दूसरी दुकान राजेन्द्र वार्ड पिपरिया
मो. 9425475981, 7693075981

महिला /पुरुष सेल्समेनों की आवश्यकता है
पिपरिया शहर के प्रतिष्ठित रेडीमेड शोरूम समैया ड्रेसेस पर अनुभवी महिला/पुरुष सेल्स मेनों की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार दिया जावेगा। इच्छुक व्यक्ति शीघ्र सम्पर्क करें।
सम्पर्क
समैया ड्रेसस, पिपरिया
मो. 7697261116

मो. 9893331604
माहेश्वरी फर्नीचर स्टोर्स
सीमेंट रोड, पिपरिया
अधिकृत विक्रेता
नीलकमल फर्नीचर एवं कोरफोम गद्दे, अलमारी, कूलर, टी.वी, पंखे, गद्दे, सोफा, कार्पेट एवं फोम मटेरियल

न्यू विनीत ट्रांसपोर्ट
शोभापुर रोड, पिपरिया
जिला-नर्मदापुरम(म.प्र.)

Mob- 9300734595, 9827576290, Ph.220409
विशेष- छोटी गाड़ी सम्पूर्ण भारत में भेजी जाती है।

विवेक सेनेटरी एण्ड हार्डवेयर
हिन्दुस्तान पेट्रोल पम्प के बाजू में पचमढ़ी रोड, पिपरिया
9479381880, 9131649108
मिलने का स्थान -
यू.पी. व्ही.सी., सी.पी. व्ही.सी., एस. डब्लू. आर, आई.डोल, प्लास्टो पाइप एंड फिटिंग उचित मूल्य पर प्राप्त करें।

अल्ट्राटेक सीमेंट अल्ट्राटेक सीमेंट अल्ट्राटेक सीमेंट
राज ट्रेडर्स
कैलाश प्रेस के बाजू में सांडिया रोड, पिपरिया
मो. 9806969697, 9893692487, 9644200339
होम डिलेवरी वाहन सुविधा कम दर पर उपलब्ध
लोहा उत्तम क्वालिटी टेस्टेड
डॉ. फिक्सइट आपके घर का डाक्टर सम्पूर्ण वाटर प्रूफिंग के लिए
ग्राहक का संतोष ही हमारी सफलता है।

# किसी ने मकान पर अवैध कब्जा करने तो किसी ने दूषित जल प्रदाय की शिकायत की जनसुनवाई में की गई 76 आवेदनों पर सुनवाई

जनसंपर्क नर्मदापुरम । आम जनों की समस्या एवं शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए प्रति मंगलवार को जनसुनवाई का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। जनसुनवाई के कार्यक्रम में आवेदक की समस्या एवं शिकायतों पर कार्रवाई की जाती है। आज आयोजित जनसुनवाई में 76 आवेदनकर्ताओ ने आवेदन प्रस्तुत कर अपनी विभिन्न समस्या एवं शिकायत के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किये। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हिमांशु जैन एवं अपर कलेक्टर श्री राजीव रंजन पांडे ने सभी आवेदनों पर सुनवाई की।

डोलरिया के लखन लाल ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि उनकी जमीन पर अन्य कृषक ने कब्जा कर लिया है। सीमांकन के पश्चात यह साबित हो गया है कि वह जमीन उनकी है आदेश जारी होने के पश्चात भी अब तक उन्हें उनकी जमीन पर कब्जा नहीं मिला है। आवेदक लखन लाल ने शीघ्र ही जारी आदेश का पालन करवाने और उनकी जमीन पर कब्जा दिलाने की मांग की। वही खोजनपुर मोहल्ला के अपर लाल पटेल ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि खोजनपुर कचरा मोहल्ले में 40 दिन से पीने का पानी खराब जा रहा है, जिससे उनके मोहल्ले में रहने वाले सभी व्यक्तियों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने समस्या का जल्द ही समाधान करने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। अपर कलेक्टर श्री पांडे ने तहसीलदार डोलरियां एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी नर्मदा पुरम को प्रस्तुत आवेदनों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

सोहागपुर के ग्राम गोडी खेड़ी के करण सिंह ने प्रस्तुत आवेदन में बताया कि उनके पिताजी का निधन गत दिसंबर माह में हो चुका है लेकिन अभी तक जनपद पंचायत सोहागपुर से अनुग्रह राशि प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने अनुग्रह राशि दिलाने की मांग की। एक अन्य आवेदनकर्ता ने प्रस्तुत आवेदन में बताया कि उन्होंने सहारा समूह में निवेश किया था। निवेश की अवधि सितंबर 2018 में पूर्ण होने के बाद भी उनको जमा राशि 4 लाख 15 हजार 250 रुपए का भुगतान नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि वह एक छोटे दुकानदार हैं और उनकी बेटी का विवाह होना है। उक्त राशि प्राप्त होने से वे अपनी बेटी का विवाह करा सकेंगे। अपर कलेक्टर श्री पांडे ने एसडीएम नर्मदापुरम को उक्त आवेदक का परीक्षण कर समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए।

ग्राम खरगावली के शुभम यादव ने प्रस्तुत आवेदन बताया कि उनके पिता स्वर्गीय बृजमोहन यादव ग्राम पंचायत मुड़िया बेड़ी में सचिव के पद पर कार्य करते हुए ड्यूटी के दौरान स्वर्गवासी हो गए। पिताजी की मृत्यु के बाद परिवार की आर्थिक स्थिति खराब हो गई है। उन्होंने पिताजी की जगह अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने की मांग की, ताकि उनके परिवार का भरण पोषण हो सके। अपर कलेक्टर ने प्रस्तुत आवेदन पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नर्मदापुरम को आवेदन का परीक्षण कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

आज आयोजित जनसुनवाई में मारपीट, अनुकंपा नियुक्ति, अवैध कब्जा हटाने, शराब दुकान बंद कराने, जर्जर मकान ध्वस्त करने, प्रधानमंत्री आवास दिलाने, विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन दिलाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए।

## सोहागपुर में मानसिक स्वास्थ्य शिविररू 74 लोगों की स्क्रीनिंग, 11 पॉजिटिव मरीजों का इलाज

जनसंपर्क नर्मदापुरम ।सोहागपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ नरसिंह गेहलोत के निर्देश पर मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 74 लोगों की स्क्रीनिंग की गई, जिसमें 11 पॉजिटिव रोगियों को दवा और परामर्श दिया गया।

शिविर में क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट नाजिया सिद्दीकी ने अवसाद, नशा, ओसीडी, सिजोफ्रेनिया जैसी बीमारियों के बारे में जानकारी, जिला अस्पताल मे स्थित मनकक्ष के कार्यों की जानकारी एवं मनहित एप और टेलीमानस सेवा के बारे में बताया गया तथा जिसमें टोल फ्री नंबर 14416 की विस्तृत जानकारी दी गई।

इस अवसर पर बीएमओ डॉ. रेखा गौर, डॉ अंकित गौर मनकक्ष नोडल अधिकारी, डॉ अरुण यादव, डॉ प्रसन्नजीत सिंहा, निधि पटवा सहित अन्य स्टॉफ उपस्थित रहा।


विश्वसनीयता ।। श्री महावीराय नमः ।। उचित दाम

श्री विजय जेम्स & ज्वेलर्स

(सोने, चांदी, हीरे के आभूषणों एवं राशि रत्नों के विक्रेता)



हमारे यहां समस्त असली राशि रत्न, उपरत्न, स्फटिक श्रीयंत्र शिवलिंग, माला, नवरत्न अंगूठी, ब्रेसलेट, कड़े, पारदेश्वर गोल्डप्लेटेड यंत्र उचित दाम पर उपलब्ध है



असली प्राकृतिक, लक्ष्मी प्रदाता, सुख समृद्धिदायक, दक्षिणावर्ती शंख एवं एक मुखी रूद्राक्ष उपलब्ध है।

सांडिया रोड, पालीवाल गैस एजेंसी के पास, पिपरिया

प्रो. सचिन जैन मो. 9425475891, 9425475431

पिपरिया डेन्टल क्लीनिक

(पं.नाथूराम गंगेले मार्ग) मंगलवारा पोस्ट आफिस के सामने पिपरिया

सुपर सिलेक्शन

मेन रोड थाने के सामने पिपरिया

नित नई फैशन खुल गई ! खुल गई !! खुल गई !!!

बिना झिझक के खरीदे

बिना झिझक के खरीदें -सिर्फ महिलाओं के लिए महिलाओं द्वारा



आपके अपने पिपरिया शहर में महिलाओं द्वारा सिर्फ महिलाओं के लिए महिला अंग वस्त्रों की सम्पूर्ण रेंज उपलब्ध हमारे यहां सभी प्रकार की फैंसी ब्रा, पेरिस ब्यूटी, टी नजर, शायोनारा, 16 प्लस, लबेबल, ड्क्सी, सिम्पलैक्स और भी कम्पनियों के - बेडिंग स्पेशल दुल्हनों के शापी का शानवदार सम्पूर्ण पैकेज वार्डल ब्रा पेटी सेट, बडिल, गाऊन सेट, दुल्हन, गाऊन और भी बहुत कुछ दुल्हनों के लिए। हमारे यहां जीन्स, टॉप, टी-शर्ट, स्टाल, लोअर, लेगी, सूट सेट, पिलाजो, नाईट गाऊन, गाऊन ए-1 गाऊन, कुर्ते, जेकिट

परम्परा कलेक्शन

दुकान नं. 6 जय प्रकाश शापिंग काम्पलेक्स, पिपरिया

मो. 8109570880, 9893570880

स्वस्थ आहार, स्वाद मजेदार...

रघुजी नमकीन

एक विश्वास

रतलामी, उज्जैनी, खट्टा मीठा, फलारी चिप्स इत्यादि नमकीन सभी होटल व किराना दुकानों पर उपलब्ध कृष्णा इन्दौर सेव भंडार

शोभापुर रोड, पिपरिया Ph.224241,

-प्रो. संतोष साहू Mob- 8839911938 संदीप साहू Mob- 9425310471




बिरला का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन

फोन- 222664, 224664

अधिकृत विक्रेता My Cem Cement

श्री गुरुनानक ट्रेडर्स, पिपरिया

द्वारका स्वीटस् एवं चाट सेंटर

डोसा, इडली, बड़ा साबर समौसा, कचौड़ी एवं देशी मिठाईयां





ताजी लस्सी मो. 9425310452






(पुड़ी सब्जी-गरमा गरम)

–राजपाल यादव द्वारा

# बनखेड़ी समाचार

## नैतिक जीवन अध्यात्म की पहली सीढ़ी

-संत राजिन्दरसिंह जी महाराज



नैतिक जीवन, आध्यात्मिक प्रगति के लिए एक जरूरी बुनियाद है। सदियों से संतों-महात्माओं ने नैतिक जीवन जीने पर जोर दिया है। हम हमेशा अपने घरों को लुटेरों से बचाना चाहते हैं। लेकिन हममें से कितने लोग उन डाकुओं के बारे में चिंता करते हैं, जो हमारे वास्तविक घर-हमारे शरीर, हमारे मन में प्रवेश करते हैं ? वास्तव में हमने लापरवाही से कुछ चोरों को अपने अंदर प्रवेश करने दिया है और वे सब कुछ नष्ट कर रहे हैं -काम, क्रोध, लोभ, मोह अंहकार। ये हमारे अन्दर आ गए हैं और हमारे अंदर अशांति पैदा कर रहे हैं।

हम अपने घरों को चोरों से बचाने के बारे में बहुत सावधान रहते हैं।क्या कभी हमने अपने आंतरिक घर, अपने मन को इन नकारात्मक गुणों से दूर रखने के लिए उतनी ही सावधानी बरती है ? वे चुप-चाप और चुपके से हमारे अंदर आते हैं। वे हमें क्रोधित करते हैं। वे हमें झूठा और धोखेबाज बनाते हैं। वे हमारे भीतर गलत विचारों को पैदा करते हैं। वे हमें लालची, स्वार्थी बनाते हैं। वे हममें असहनशीलनता और दूसरों के प्रति नफरत भर देते हैं। वे हमें अहंकारी बनाते हैं। नतीजा यह होता है कि वे, हमसे, हमारे आध्यात्मिक उपहारों को लूटते हैं।

हम आध्यात्मिक उन्नति करने की बजाय इन नकारात्मक गुणों के खेल में लीन रहते हैं। हमारी सच्ची दौलत, हमारी आत्मा और अंतर में परमात्मा से मिलाप है। हम उस दौलत का लाभ नहीं उठा सकते, क्योंकि हमारा ध्यान चोरों की हानिकारक गतिविधियों पर है। हम ध्यान-अभ्यास करना चाहते हैं, पर ये चोर हमारा ध्यान खींच लेते हैं। हम अच्छा इंसान बनना चाहते हैं, लेकिन चोर हमें मूर्खता के खेलों में ही व्यस्त रखते हैं। हम निःस्वार्थ होना चाहते हैं, पर वे हमें अपनी जरूतों और इच्छाओं के बारे में सोचने के लिए मजबूर करते हैं। वे हमारी मन की शांति को खत्म करते हैं। हम शांत होना चाहते हैं, पर वे हमें अशांति की स्थिति में रखते हैं।

हमारा वास्तविक स्वरूप असल में हमारी आत्मा है, जो कि परमात्मा का अंश है। आत्मा नेक और पाक (पवित्र) गुणों से भरी हुई है, जैसे कि अहिंसा, सच्चाई, पवित्रता, नम्रता, सबके लिए प्रेम और निष्काम सेवा। बदकिस्मती से आत्मा मन के अधीन है, जो हमें ऐसे कामों में व्यस्त रखता है, जो हमेशा नेक और पाक नहीं होते। काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार के अधीन होकर कार्य करने से हमारा मन विचलित रहता है। ऐसे अवगुणों के कारण समस्याएं पैदा होती है। हम इन चोरों से छुटकारा कैसे पा सकते हैं ?

पुलिस की मौजूदगी में चोर खुद ही भाग जाते हैं। कौन वो पुलिस अधिकारी है, जो उन चोरों से छुटकारा पाने में हमारी मदद कर सकता है, जिन्होंने हम पर कब्जा कर लिया ? ध्यान- अभ्यास के रूप में संतों-महापुरुषों ने हमें वो पुलिस अधिकारी दिया है। ध्यान में व्यस्त होने से जो चोर, हमारे परमात्मा से मिलाप को लूटना चाहते हैं, वे चले जाएँगे और हमारी आत्मा परमात्मा को पाने के लक्ष्य को प्राप्त कर पाएगी।

## गांव जोहिरीटोला में आदिवासी परिवार के रिति–रिवाज देखने को मिला

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, बनखेड़ी।** 2/11/2025 को प्रीतम उईके राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जी भारत आदिवासी पार्टी की माताजी के देवपान पूजा के कार्यक्रम में सम्मिलित होने का अवसर प्रदान हुआ।



बनखेडी तहसील के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बाचावानी के पंच राजपाल यादव जिला नर्मदापुरम अध्यक्ष राजेश कुमार उईके भारत आदिवासी पार्टी से और महिला मोर्चा अध्यक्ष रेखा धुर्वे कुब्जाबाई और भी कार्यकर्ताओं के पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रीतम सिंह उईके की माताजी के देवपान पूजा कार्यक्रम और नया मकान के प्रवेश के उपलक्ष्य के लिए जाना हुआ मंडला जिले और सिवनी जिले के आखिरी गांव जोहिरीटोला में आदिवासी परिवार के रिति–रिवाज देखने को मिला ।

## न्याय की हुई जीत

संगठन हमारा मकसद शक्ति प्रदर्शन करना नहीं मांगो का उचित निराकरण कराना है।

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, बनखेड़ी।**बनखेड़ी में खाद वितरण केन्द्र पुनः प्रयास से संभव हो सका खाद आ गया एक दो दिन में बटना भी शुरू किया जायेगा। लोग कहते हैं अंदोलन से क्या होता है, बेईमानी से नेता भले श्रेय ले परन्तु प्रभु के घर देर है अंधेर नहीं। त्याग तपस्या कुर्बानी कभी व्यर्थ नहीं जाती।


इसका श्रेय उन कृषकों जो मंडी परिसर में किसान समागम में अधिकारियों के समक्ष सुबह–शाम तक बैठे रहे। गांव गांव अधिकार यात्रा की ऐतिहासिक जीत मिलने पर आप सभी को हार्दिक बधाईयां और शुभकामनाएं।

सफलता का मार्ग आसान नहीं होता। जो आदमी समय का मूल्य समझता है,

वही इतिहास रचता है। डर और आलस उसे कभी आगे नहीं बढ़ने देते शक्ति का असली अर्थ है, सही निर्णय लेना–धैर्य रखना और अपने अवसर का इंतजार करना याद रखो युद्ध जितना मुश्किल, जीत उतनी महान होती है..!!

डर कर आत्मसमर्पण करने से बेहतर है लड़ कर मर जाना। सामने चाहे परिस्थितियाँ हो,जीवन की चुनौतियां हों या फिर इंसान।।

यूँ ही नहीं रोशन हुआ है चारों ओर नाम मेरा,<br>
जल रही है एक आग जो मैंने अपने सीने में जलाई है<br>
दिन रात सहेज कर रखी मैंने उस आग की जलन,<br>
उसी जलन में किये संघर्ष ने मुझे मेरी पहचान दिलाई




## किसानों का हित सर्वोपरि – मुख्यमंत्री डॉ. यादव

जनसंपर्क नर्मदापुरम । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अन्नदाता (किसानों) का हित हमारे लिए सर्वोपरि है। किसानों के



कल्याण के लिए हमारी सरकार पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही है। किसानों को हर हाल में 10 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति की जाएगी।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को जारी संदेश में यह बात कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जिस सर्क्यूलर को लेकर जनसामान्य में गलतफहमी पैदा हुई है, उस विवादित सर्क्यूलर को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है। साथ ही विवादित सर्क्यूलर मामले से जुड़े संबंधित चीफ इंजीनियर को भी तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रदेश में संवेदनशील और किसान हितैषी सरकार काबिज है। किसानों के समग्र उत्थान के लिए हमारी सरकार ने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बिजली आपूर्ति से संबंधित विवादित सर्क्यूलर को रद्द कर दिया गया है और इसे जारी करने वाले संबंधित अधिकारी पर भी विधि अनुरूप कार्रवाई की जा रही है।

॥ जय माता दी ॥ Mob.- 9425692332

MAMTA ENTERPRIZES

Pipariya Road, Bankhedi Distt.- Hoshangabad (M.P.)

Crown, Weston, L.G. LED TV, Refrizarator, Coolar, Mixer Grinder Radio, DTH, Airtel, Tata Sky & Other Electronic Material

कालूराम मूलचंद गट्टानी शोभापुर

के सोने व चांदी की शुद्धता के विश्वास के साथ अब निर्माण की दुनिया में हमारी नई पहचान

AAC BLOCk Autoclaved, Aerated, Concrete

मकान, गोदाम, मॉल, होटल, बिल्डिंग्स, बाउंड्री वाल्स आदि निर्माण हेतु उपलब्ध

ब्लॉक साइज -

लम्बाई 24'' ऊंचाई 8'' 3'', 4''6'', 8''

लगाने में आसान, तराई की आवश्यकता नहीं, साधारण ईंट की तरह टूट-फूट नहीं, वजन में हल्का, मकान में सीलन से मुक्ति, प्लास्टर का खर्च कम, सीमेंट एवं रेत की आवश्यकता नहीं, दीवार पर आने वाले खार से मुक्ति, गर्मी में 4 से 5 डिग्री ठंडा, दीमक से मुक्ति

- ISI Mark Grade 1 AAC ब्लॉक्स
- समृद्धि प्लास्टिक्स
- पॉवर टूल्स एवं स्पेयर पार्टस
- LED लाईट्स
- कंस्ट्रक्शन केमिकल
- सुप्रीमो पानी की टंकिया
- RCC चौखट, जंगले, खिड़की एवं दरवाजे
- LED लाईट्स
- समस्त हार्डवेयर
- CPVC, UPVC, SWR, Pressure, VGD, Coloumn Pipe एंड फिटिंग्स

ब्लॉक्स हेतु जानकारी व आर्डर हेतु सम्पर्क करें

गट्टानी ट्रेडिंग कम्पनी मंडी रोड, गणेश मंदिर के पास, हथवांस, पिपरिया

मो. 8085256256, 9479914256

प्रोप्राईटर– आनंदा गट्टानी

# गोल्ड मेडल जीतकर लौटी नर्मदापुरम रग्बी टीम का भव्य स्वागत

## सब जूनियर राज्य स्तरीय रग्बी प्रतियोगिता में नर्मदापुरम की बेटियों ने रचा इतिहास संदीपनी खेल मैदान पर खिलाड़ियों का फूल–मालाओं से स्वागत, नगर में छाया जश्न

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, पिपरिया ।** (छगन कुशवाहा पिपरिया) नर्मदापुरम् पिपरिया,भोपाल में आयोजित सब जूनियर राज्य स्तरीय रग्बी प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर लौटी नर्मदापुरम बालिका रग्बी टीम का बुधवार को पिपरिया पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया।

टीम ने प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए रतलाम को 05.00 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया था। टीम के पिपरिया लौटने पर संदीपनी खेल मैदान में खिलाड़ियों का नगरवासियों और खेल प्रेमियों ने फूल–मालाओं से स्वागत किया।

स्वागत कार्यक्रम में मनोज नागौत्रा, सुजीत पटवा, अरविंद शर्मा, प्रीतम पुर्विया सहित कई वरिष्ठ नागरिक और खेलप्रेमी उपस्थित रहे। जिला रग्बी संघ के सचिव सचिन पुर्विया ने बताया कि बालिका टीम की इस ऐतिहासिक उपलब्धि से नर्मदापुरम जिले का नाम प्रदेशभर में रोशन हुआ है। टीम की कप्तान आकांक्षा नायर को प्रतियोगिता का बेस्ट प्लेयर अवार्ड भी मिला था।

कार्यक्रम स्थल पर खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि "यह उपलब्धि जिले के खेल इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है, जिससे आने वाली पीढ़ियाँ प्रेरणा लेंगी।"

# गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर द लर्निंग स्टेम स्कूल के बच्चों ने गुरुद्वारे में किए दर्शन लाभ

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, पिपरिया ।** (छगन कुशवाहा पिपरिया) नर्मदापुरम् पिपरिया,गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर बनवारी रोड स्थित श्री तेग बहादुर साहब जी गुरुद्वारे में द लर्निंग स्टेम स्कूल के नन्हे–मुन्ने बच्चों ने पहुँचकर दर्शन लाभ लिया।

विश्वभर में गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर भजन–कीर्तन, प्रभात फेरियों और सेवा कार्यों के साथ श्रद्धा का माहौल बना हुआ है। इसी क्रम में स्कूल की डायरेक्टर श्रीमती रचना मालपानी के प्रेरक प्रयास से बच्चों ने भी गुरुद्वारे में आकर गुरु नानक देव जी के जीवन चरित्र और उपदेशों को समझा। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने शिक्षिका कु. नम्रता चौकसे के मार्गदर्शन में भजन–कीर्तन प्रस्तुत किए। इस अवसर पर ज्ञानी अजीत सिंह जी ने मानवता की भलाई के लिए अरदास की। बच्चों ने "वाहेगुरु" का नाम जप करते हुए "जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल" के जयकारे लगाए, जिससे पूरा वातावरण श्रद्धा और आनंद से भर उठा। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से स्कूल प्रबंधन, शिक्षकों और गुरुजनों का सिरोपा भेंट कर सम्मान किया गया। गुरु के सेवक सुखदेव सिंह कालोटी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि गुरुद्वारा सभी धर्मों और पंथों के लिए मानव एकता का प्रतीक है, जहाँ परमात्मा के सभी नामों और संतों की वाणी का गायन होता है। बच्चों का यहां आना एक सकारात्मक संदेश है, जो उनमें धर्म और मानवता के प्रति आस्था बढ़ाता है। इस अवसर पर संकल्प फाउंडेशन के संचालक निरंजन वैष्णव ने स्कूल प्रबंधन को इस प्रेरणादायक पहल के लिए बधाई दी। वहीं श्रीमती भजमीत कौर खनूजा ने भी स्कूल का आभार जताते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक–सांस्कृतिक भ्रमण हर विद्यालय में आयोजित किए जाने चाहिए। कार्यक्रम के अंत में स्कूल की डायरेक्टर श्रीमती रचना मालपानी ने गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी और सभी सेवकों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान शिक्षिका श्रीमती रीत, कु. सानिया, कु. अर्पना, कु. रुचिका, कु. नेहा, एवं सोनू सर सहित अन्य गुरुजन उपस्थित रहे। प्रसादी वितरण सेवा में अमनदीप सिंह बागड़ी, गुरजिंदर सिंह बावड़ी, गुणवंत कौर, उमा सलूजा सहित अनेक सिख सेवक सक्रिय रहे। अंत में सभी बच्चों को गुरु प्रसाद का वितरण किया गया।



# कमिश्नर ने जनपद पंचायत कार्यालय माखन नगर का किया आकस्मिक निरीक्षण

## निरीक्षण के दौरान 32 में से मात्र 6 कर्मचारियों ही उपस्थिति पाए गए

## कमिश्नर ने अनुपस्थित कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी

जनसंपर्क नर्मदापुरम । नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर श्री कृष्ण गोपाल तिवारी ने सोमवार को जनपद पंचायत कार्यालय माखन नगर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि जनपद पंचायत कार्यालय में पदस्थ 32 अधिकारी एवं कर्मचारी जिनमे इंजीनियर एवं सब इंजीनियर भी शामिल है इन कर्मचारियों में से मात्र 6 कर्मचारी श्री हरिप्रसाद बरेले, श्री चौहान श्री व्यास, श्री शर्मा, श्री शुभम सोलंकी एवं श्री गोस्वामी उपस्थित पाए गए। प्रातः 10रू45 बजे तक अन्य कोई भी कर्मचारी कार्यालय में उपस्थित नहीं था। कमिश्नर श्री तिवारी द्वारा बायोमेट्रिक मशीन से उपस्थित की जानकारी निकलवाई गई जिसमें पाया गया कि अधिकांश अधिकारी एवं कर्मचारी कार्यालयीन समय पर कार्यालय नहीं आते हैं। इस पर कमिश्नर श्री तिवारी ने सख्त नाराजगी व्यक्त की। कमिश्नर ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत स्वयं कार्यालय में नियमित रूप से उपस्थित नहीं होते हैं, इस कारण कर्मचारी भी समय पर अनुउपस्थित रहते हैं। कर्मचारियों की अनुपस्थिति के चलते जनपद कार्यालय आए हुए विभिन्न हितग्राहियों को अपने कार्य को कराने में अनावश्यक रूप से परेशानी का सामना करना पड़ता है। कमिश्नर ने सभी कर्मचारियों के लिए सख्त चेतावनी जारी की की सभी अधिकारी एवं कर्मचारी कार्यालयीन समय में कार्यालय आए। कमिश्नर कहां की वे एक बार पुनः जनपद पंचायत कार्यालय आएंगे और देखेंगे की जिन कर्मचारियों को चेतावनी जारी की गई है वे कर्मचारी अब नियमित रूप से कार्यालयीन समय में कार्यालय आ रहे हैं कि नहीं। इस दौरान यदि पाया गया कि उनके आचरण में कोई सुधार नहीं हुआ है तो उन कर्मचारियों के विरुध नियम अनुसार कारवाई अधिरोपित की जाएगी। आकस्मिक निरीक्षण के दौरान उपायुक्त राजस्व श्री गणेश जायसवाल भी उपस्थित रहे।

अद्वितीय विशाल सोने एवं चांदी के आभूषणों के शोरुम पर हम आपका हार्दिक अभिनंदन करते है।
विजय ज्वेलर्स
मेन रोड, पिपरिया
जिला–नर्मदापुरम (म.प्र.) फोन–मो. 9425475530



ए.एस. खुराना
बी.एस.सी./डी.ओ.आर.
मो. 7747022369
8871443275
मनु आई केयर एण्ड ऑप्टीकल्स
हमारे यहां नजर व धूप के चश्में नेत्र परिक्षण करके बनाये जाते हैं।
एच.डी.एफ. सी. बैंक के सामने, पिपरिया (म.प्र.)

Prime Motivation Institute
एक दशक से नगर की प्रतिभाओं को निखारने में सफल संस्थान, नौकरी प्राइवेट हो या सरकारी हो, व्यापार छोटा हो या बड़ा हो, आप छात्र-छात्रा हो या व्यवसायी हो, आप युवती हो या गृहणी हो, आप सभी के लिए सफल भविष्य की राह चुनने एवं सफलतापूर्वक अपने मंजिल तक पहुचने के लिए आपकी आवश्यकतानुसार सभी कोर्सेस एक ही कैंपस में उपलब्ध कराने वाला एक मात्र ट्रेनिंग & प्लेसमेंट सेण्टर.......
प्रवेश प्रारंभ
Spoken English & Advance Effective English
Tally ERP.9 With GST | M.S. Office | CPCT
Bank | Railway | SSC | MP Police | Samvida
उपलब्ध सुविधाए
1. CCTV कैमरे से निगरानी
2. A.C. Classrooms & LAB
3. लाइब्रेरी
4. Printed Notes
5. Digital Classrooms
6. शिक्षित एवं अनुभवी फैकल्टी
7. वीकली टेस्ट
8. Job Counselling
9. Consultancy
Add – Above Malwa Dairy, Cement Road Pipariya
Contact – 9893623179, 9179406595, 9329555595

चन्द्रकान्त अग्रवाल
(कर सलाहकार)
उपलब्ध सेवाएं -
(1) इन्कम टेक्स, जी.एस.टी, टी.डी.एस., प्रोजेक्ट रिपोर्ट एवं अन्य सभी टेक्शेशन से संबंधित कार्य
(2) लाईफ एंशुरेन्स-पी.एन.पी. मेटलाइफ इन्शुरेंस
(3) हेल्थ एंशुरेन्स- एचडीएफसी हैल्थ एन्शुरेंस
सम्पर्क करें – दुकान नं. 2 अर्बन गेलेक्सी, जीन कम्पाउन्ड, गोपाल ट्रांसपोर्ट के पीछे, ऊमर वाले दादा मंदिर के सामने वाली रोड, पिपरिया मो. 9893803544

।। ॐ भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात्।।



# अखण्ड ज्योति

ऋषि चिंतन के सान्निध्य में

## जीवन का चरम लक्ष्य, ऐसे प्राप्त करो

विचार , शांति, ध्यान और क्षमा के द्वारा क्रोध पर विजय प्राप्त करो। जो मनुष्य तुम्हारी हानि करता हो, उसके ऊपर दया करो और उसे क्षमा कर दो। उलाहने को प्रसाद समझो, उसे आभूषण जानो तथा अमृततुल्य मानो, भर्त्सना को सह लो। सेवा, दया और ब्रह्मभावना के द्वारा विश्वप्रेम का विकास करो। जब क्रोध पर विजय प्राप्त हो जाएगी, तो धृष्टता, अहंकार और द्वेष स्वयं ही नष्ट हो जाएँगे। प्रार्थना और भजन से भी क्रोध दूर हो जाता है।

संतोष, अभेद, विराग तथा दान के द्वारा लोभ का शमन करो। अभिलाषाओं को मत बढ़ाओ। तुम्हें कभी निराश न होना पड़ेगा। संतोष, मोक्ष के राज्य के चार संतरियों में से एक है। इन चार संतरियों की सहायता से तुम ब्रह्म ज्ञान, जीवन के चरम लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हो।

अनुराग के पीछ-पीछे शोक और दुःख भी लगे रहते हैं। अनुराग शोक से मिश्रित होता है। सुख के पीछे दुःख चलता है। जहाँ सुख है , वहाँ दुःख भी है। अनुराग के नाम पर मनुष्य दुःख चलता है। जहाँ सुख है , वहाँ दुःख भी है। अनुराग के नाम पर मनुष्य दुःख का विषमय बीज बो देता है , जिससे शीघ्र ही स्नेह के अंकुर निकल आते हैं, जिसमें बिजली के समान भयानक दाहकता होती है और इन अंकुरों से अनेक शाखाओं से युक्त दुःख का वृक्ष उत्पन्न होता है , जो ढँके हुए घास के ढेर के समान जलते हुए, धीरे-धीरे शरीर को दग्ध कर डालता है। अतः जीवन को लोभ-मोह में फँसने ही मत दो।

-अखण्ड ज्योति फरवरी 1955 पृष्ठ -6







## पिपरिया शहर का प्राचीन औषधालय

श्री कृष्ण सेवा संघ धमार्थ औषधालय धर्मशाला रोड पिपरिया

✻पिपरिया एवं क्षेत्र के नागरिकों की स्वास्थ्य सेवा में हमेशा प्रयत्नशील
✻ अनुभवी वैद्यजी द्वारा परामर्श
✻ आयुर्वेदिक दवाओं का निशुल्क वितरण
✻ पंजीयन शुल्क मात्र दो रुपए

औषधालय का समय : सुबह 9 से 12 बजे तक

यदि हो गये हो बीमार -आयुर्वेद ही सही उपचार।

ऋषि मुनियों ने आयुर्वेद को अपनाने के आशीर्वाचन दिए हैं उन्हें अपनाइए ।आयुर्वेदिक उपचार अपनाऐ ।स्वस्थ जीवन पायें ।।


# न.पा. अध्यक्ष ने ई. स्कूटर शोरूम का शुभारंभ किया

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, पिपरिया।** पचमढ़ी रोड स्थित सिद्धेश्वर काम्पलेक्स में मां अम्बे आटोमोबाइल्स की ब्रांच का शुभारंभ न.पा. अध्यक्ष श्रीमती नीना नागपाल ने रिबिन काटकर किया। इस अवसर पर श्रीमती ममता नागवंशी, राजकुमारी मालवियाा योग शिक्षिका , श्रीमती ललिता पुर्विया, सविता राज, नवनीत नागपाल, राजू जायसवाल भू.पू. न.पा. अध्यक्ष, अरविन्द राय, अशोक जोशी, बलराम ठाकुर, अशोक मंडलोई, योगेन्द्र पुरोहित, गोपाल राज, हुकुम मालविया व समस्त भाई बहन उपस्थित थे। ब्रांच संचालक नितेश मालविया ने ई-स्कूटर व आटो, रिक्शा में बैटरी फाइनेंस सुविधा है।



## कार्यालय : विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, पचमढ़ी (म.प्र.)

क्रं./672/साडा/पच/2025 — पचमढ़ी दिनांक 30/10/2025

### द्वितीय निविदा सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि, विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण पचमढ़ी अपनी अधीनस्थ घांस , बांस उद्यान एवं हेरीटेज उद्यान की घांस की नीलामी करना चाहता है , अतः इच्छुक ठेकेदार अपनी दरें बन्द लिफाफे में दिनांक 10-11-2025 समय शाम 5.00 बजे तक साडा कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।

| क्रं. | विवरण | अमानत राशि | न्यूनतम स्वीकार्य ऑफर राशि | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|
| 1 | साडा सिविल क्षेत्र के अन्तर्गत घांस, बीड विक्रय | रुपये 2000/- | रुपये 42000/- | |
| 2 | वनस्पति उद्यान में घांस विक्रय | रुपये 500/- | रुपये 3000/- | |
| 3 | बांस उद्यान में घांस विक्रय | रुपये 500/- | रुपये 3000/- | |
| 4 | हेरीटेज उद्यान में घांस विक्रय | रुपये 500/- | रुपये 3000/- | |

शर्तें -

1. उपरोक्तानुसार निर्धारित अमानत राशि नगद जमा करनी होगी।
2. निविदा से संबंधित अन्य जानकारी कार्यालय समय में साडा कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
3. न्यूनतम स्वीकार्य ऑफर राशि से कम ऑफर राशि स्वीकार नहीं की जावेगी।
4. ठेकेदार को अवगत किया जाता है कि ऑफर राशि भरने से पूर्व समस्त बीड एवं उद्यानों का अवलोकन कर लें।
5. किसी भी प्रकार का प्राकृतिक एवं गैर प्राकृतिक आपदा के लिये साडा कार्यालय जबावदार नहीं होगा।
6. निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरकर्ता को होगा, अस्वीकृति का कारण बताने हेतु प्राधिकरण बाध्य नहीं होगा।
7. विस्तृत शर्तें कार्यालय समय में देखी जा सकती है।
8. निविदा स्वीकृत होने पर ऑफर राशि का एकमुश्त भुगतान करना अनिवार्य होगा तथा वैधानिक अनुबंध करना होगा।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण
पचमढ़ी


## मे. शुभम् ट्रेडर्स

क्या बिजली पानी समस्या से परेशान है , समस्या आपकी, समाधान हमारा

कुशल इंजीनियरों से निर्मित उत्तम गुणवत्ता व विश्वनीयता का बेजोड़ संगम

**अधिकृत विक्रय-**(1) सागा सिंगल थ्रीफेस मोनो एवं सम्मरशिबल पम्पस् अहमदाबाद गुजरात (2) रिगामेना सम्मरशिबल राजकोट V-3-V-4-V-6-V-7, (3) स्वयं P.V.C. केसिंग पाइप 3" से 12" साइजों में उपलब्ध ✻ विशाल एवं स्प्रिंकलर्स पाइप (4) जनरेटर, सेट, डीजल ऐंजिन उत्तम, बीज (5) प्रीमियर फाउन्टेन कोलकता (6) अन्य स्टारटर एल एंड टी, एच.पी.एल, आटो स्विच केवल व अन्य कृषि सामग्री के विक्रेता एवं गवर्मेन्ट सप्लायर

दिमाग पर ज्यादा जोर न लगायें । अपने पैसों से सही सुविधा पायें ।।

निवास-गली नं. 3 सरदार वार्ड पिपरिया Mob. 9630556704,9993283326

# दीप्ति शर्मा की गेंदबाजी ने रचा इतिहास, साउथ अफ्रीका को 52 रन से हराकर जीता वर्ल्ड कप खिताब

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, पिपरिया।** (छगन कुशवाहा पिपरिया) नर्मदापुरम् पिपरिया, मंगलेबजार मुख्य चौराहे पर नगरपालिका की बड़ी स्क्रीन पर महिला क्रिकेट मैच भारी संख्या में दर्शकों से चौराहा खचाखच भर गया । जीत की खुशी एक दूसरे को बधाइयां दी फटाखे भोड़ते खुशी का इजहार किया । वहीं टीम ने इस प्रकार विजय हासिल की,

लंदन।आईसीसी विमेंस वर्ल्ड कप 2025 का फाइनल मुकाबला रोमांच और जज़्बे से भरपूर रहा। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन किया और 50 ओवर में 7 विकेट खोकर 298 रन बनाए। शेफाली वर्मा ने 87, दीप्ति शर्मा ने 58 और स्मृति मंधाना ने 45 रनों की अहम पारियां खेलीं। अंत में ऋचा घोष ने ताबड़तोड़ 24 गेंदों में 34 रन ठोकते हुए स्कोर को मज़बूत किया।

299 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी साउथ अफ्रीकी टीम ने 39 ओवर तक अच्छी पकड़ बनाई रखी और 200 से अधिक रन जोड़ लिए थे। इस वक्त पूरे देश की सांसे थम गई थीं। तभी गेंद थामी दीप्ति शर्मा ने और 40वें ओवर में अनेरी डर्कसेन को आउट कर भारत की उम्मीदें फिर जगा दीं। दीप्ति ने इसके बाद कमाल कर दिया 42वें ओवर में कप्तान लौरा वॉलवार्ट को आउट किया और उसी ओवर में एक और विकेट लेकर भारत को जीत की दहलीज़ पर पहुंचा दिया। 45वें ओवर में एक सटीक थ्रो से उन्होंने साउथ अफ्रीका की पारी को और झटका दिया।

अंत में अपने आखिरी ओवर में नादिन डीक्लर्क को आउट कर दीप्ति ने भारत को इतिहास रचने वाला क्षण दे दिया। साउथ अफ्रीका की पूरी टीम 246 रन पर सिमट गई और भारतीय महिला टीम ने 52 रन से जीत दर्ज करते हुए विश्व कप का ताज अपने नाम किया।

इस ऐतिहासिक जीत के साथ भारत की बेटियों ने दुनिया को दिखा दिया कि जज़्बा और हिम्मत हो तो कोई मंज़िल दूर नहीं।

# इंदौर नगर निगम की अबतक की सबसे बड़ी कार्रवाई, 140 मकानों पर चला बुलडोजर

इंदौर में मास्टर प्लान सड़कों के चौड़ीकरण के तहत नगर निगम ने मालवीय नगर में 140 मकान तोड़े गए। पांच जेसीबी और पोकलेन मशीनों से कार्रवाई की गई। निगम ने 23 सड़कों के लिए हाईकोर्ट में केविएट दायर किया है।

इंदौर। मध्य प्रदेश के इंदौर में नगर निगम ने मास्टर प्लान के तहत सड़क निर्माण में बाधक बने मकानों को हटाने की कार्रवाई तेज कर दी है। सोमवार और मंगलवार को शहर के अलग–अलग इलाकों में बुलडोजर चले। मंगलवार को मालवीय नगर क्षेत्र में एमआर–9 से एलआईजी लिंक रोड तक चल रही कार्रवाई के दौरान करीब 140 मकानों को हटाया गया। नगर निगम की टीम ने पांच जेसीबी और पांच पोकलेन मशीनों की मदद से सड़क चौड़ीकरण का रास्ता पूरी तरह खाली कराया।



कार्रवाई के दौरान निगम भवन अधिकारी विनोद अग्रवाल, भवन निरीक्षक सचिन गहलोत, रिमूवल सहायक बबलू कल्याणे, निगम अमला और पुलिस बल मौजूद थे। निगम अधिकारियों के अनुसार, मालवीय नगर रोड को 60 फीट चौड़ा किया जा रहा है। कार्रवाई से पहले सभी रहवासियों को नोटिस जारी किए गए थे। कई लोगों ने स्वयं अपने मकानों का कुछ हिस्सा तोड़कर सहयोग भी किया।

स्थानीय रहवासी दिनेश गोलाने ने बताया कि उनके मकान का 19 फीट हिस्सा तोड़ा गया है। लेकिन उन्हें इस विकास कार्य से कोई आपत्ति नहीं है क्योंकि सड़क बनने से इलाके को फायदा होगा। वहीं, जितेंद्र गुजरिया ने कहा कि उनके मकान का साढ़े 17 फीट हिस्सा तोड़ा गया। उन्होंने बताया कि निगम से चार दिन पहले नोटिस मिला था। हालांकि, उनका कहना है कि रोड थोड़ी कम चौड़ी बनती तो भी काम चल सकता था क्योंकि आसपास पहले से ही रिंग रोड और एबी रोड मौजूद हैं।

कुछ लोगों ने कार्रवाई पर आपत्ति भी जताई। लक्ष्मी चौपड़ा ने कहा कि वे 50 साल से यहां रह रही हैं और केवल 24 घंटे का समय मांगा था। लेकिन नगर निगम ने उन्हें नहीं दिया गया। वहीं, मीरा नामक रहवासी ने बताया कि उनके घर के दो कमरे तोड़ दिए गए थे जिससे अब परिवार को रहने में दिक्कत हो रही है।

इससे एक दिन पहले सोमवार को बड़ा गणपति से टिगरिया बादशाह तक 100 फीट चौड़ी सड़क के लिए 11 मकानों को तोड़ा गया था। यहां नगर निगम के कचरा ट्रांसफर स्टेशन की बाउंड्री वॉल भी हटाई जाएगी। ऐसा इसलिए क्योंकि वह सड़क की सीमा में आ रही है। कई मकानों का 8 से 10 फीट हिस्सा सड़क निर्माण में बाधक था जिस पर कार्रवाई की गई।

नगर निगम अब मास्टर प्लान के तहत प्रस्तावित 23 प्रमुख सड़कों के लिए हाईकोर्ट में केविएट दायर कर रहा है ताकि भविष्य में कानूनी अड़चनें न आएं। निगम ने 3 नवंबर को इसके संबंध में सूचना जारी की। इनमें कुछ सड़कों पर निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। जबकि बाकी सड़कों के लिए तैयारी चल रही है।

–हम समवेत

# विशेष छात्रवृत्ति लेकर पढ़ेंगे , आगे बढ़ेंगे टोल प्लाजा पर काम करने वालों के बच्चे

( अमिताभ पाण्डेय )

नई दिल्ली। देश के विभिन्न राज्यों के सड़क मार्ग पर तैनात टोल प्लाजा सभी कर्मचारियों , सुपरवाइजर , गार्ड, के लिए यह अच्छी खबर है। इन कर्मचारियों के बच्चों को पढ़ाई के लिए विशेष आर्थिक सहायता मिलेगी। यह आर्थिक सहायता ष आरोहण स्कालरशिप प्रोग्राम 2025 ष के अन्तर्गत दी जाएगी। इसके लिए में निर्धारित फार्म भरना होगा। आरोहण स्कालरशिप प्रोग्राम 2025 पूरे भारत के किसी भी टोल प्लाज़ा पर कार्यरत कर्मचारियों के आश्रित बच्चों के लिए है।

इस योजना के अंतर्गत 11वींदृ12वीं एवं उच्च शिक्षा (UG@PG) के विद्यार्थियों को 12,000 से 50,000 तक की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। साथ ही छात्रों को कैरियर मार्गदर्शन और मेंटरशिप सहायता भी दी जाएगी। इस स्कॉलरशिप प्रोग्राम में TC] सुपरवाइज़र या अन्य कोई भी कर्मचारी जो टोल प्लाज़ा पर कार्यरत हैं, वे आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने वाले विद्यार्थियों के माता/पिता/पोषक में से किसी एक का टोल प्लाज़ा पर कार्यरत होना आवश्यक है, तथा परिवार की वार्षिक आय छ8 लाख से अधिक नहीं होनी चाहिए। आरोहण स्कालरशिप प्रोग्राम में आवेदन की अंतिम तिथि 30 नवम्बर 2025 है। इस दिनांक तक टोल प्लाजा पर काम करने वाले कर्मचारियों के बच्चे बेहतर शिक्षा में सहयोग के लिए आवेदन कर सकते हैं। देवास भोपाल टोल प्लाजा के मेनेजर अजय मिश्रा ने देश , प्रदेश के टोल प्लाजा पर काम करने वाले सुपरवाइजर , गार्ड एवं अन्य कर्मचारियों से अनुरोध किया है कि इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाएँ और अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की ओर एक कदम बढ़ाएं। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए उमाशंकर पांडेय से 8770136937 से संपर्क किया जा सकता है। ।




**महिला /पुरुष सेल्समेनों की आवश्यकता है**

पिपरिया शहर के प्रतिष्ठित रेडीमेड शोरूम समैया ड्रेसेस पर अनुभवी महिला/पुरुष सेल्स मेनों की आवश्यकता है । वेतन योग्यतानुसार दिया जावेगा । इच्छुक व्यक्ति शीघ्र सम्पर्क करें ।

सम्पर्क
समैया ड्रेसस, पिपरिया मो. 7697261116

**पानी की किल्लत से छुटकारा........**

अपने मकान, खेत, (दुकान में नलकूप या जेटपंप बोरिंग हेतु संपर्क करें ।

पूर्ण गारंटी एवं उचित दाम

4" से 24" ट्यूवलेल बोरिंग, पाईप, सवमर्सीबल पंप सेट हेतु विश्वनीय प्रतिष्ठान



**महावीर पाइप्स**

गीतांजली शापिंग काम्पलेक्स, शोभापुर रोड, पिपरिया
मो. 9425040827, 9806593136

# मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया में कोई भी अधिकारी लापरवाही ना बरतें– कलेक्टर सोनिया मीना

जनसंपर्क नर्मदापुरम । राजस्व अधिकारियों की आरओ बैठक के दौरान कलेक्टर ने राजस्व विभाग से संबंधित अभियानों, भू अर्जन, राजस्व न्यायालय एवं डांडिक प्रकरणों की, भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चल रही मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण तथा अन्य विभागीय कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्य प्रदेश के निर्देशानुसार जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के तहत प्रोगिनी मैपिंग में प्रगति प्रतिशत को बढ़ाएं। कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिए की मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अति महत्वपूर्ण प्रक्रिया है जिसे सभी इआरओ/एइआरओ पूरी सतर्कता और बारीकी से संपन्न करावे। उन्होंने कहा की जनपद एवं नगरी निकायों से समन्वय कर मैपिंग एवं प्रपत्र वितरण की कार्यवाही सुनिश्चित करे। कलेक्टर ने जिले की आरसीएमएस रिपोर्ट पर न्यायालय मामलों की समीक्षा की। उन्होंने न्यायालय बार तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार कोर्ट में चालू माह में पंजीकृत तथा कुल पंजीकृत प्रकरणों की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वर्तमान में निराकरण प्रतिशत की प्रगति बिल्कुल भी संतोषजनक नहीं है। कलेक्टर ने सख्त रूप से नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए की समस्त नायब तहसीलदार एवं तहसीलदार न्यायालय में दर्ज प्रकरणों में प्रगति प्रतिशत बढ़े तथा स्थिति में सुधार लाएं। कलेक्टर ने बॉटम मैं चल रहे अधिकारियों की कार्य प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि सभी अधिकारी आगामी एक सप्ताह में अपने अधीनस्थ न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की स्थिति सुधारे अन्यथा नियमानुसार कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि राजस्व विभाग से संबंधित सबसे पुरानी शिकायतों का समाधान सर्वोच्च प्राथमिकता से किया जाए। बैठक के दौरान कलेक्टर ने आरसीएमएस पोर्टल पर नजूल प्रकरण की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए की नजूल प्रकरणों के निराकरण में प्रगति को बढ़ाए जाने की आवश्यकता है। सभी अधिकारी अपर कलेक्टर तथा जिला नजूल अधिकारी से मार्गदर्शन प्राप्त कर जटिल प्रकरणों में शीघ्र निर्णय पर आए। कलेक्टर ने निर्देश दिए की उपलब्ध संसाधनों का पूर्ण उपयोग कर राजस्व मामलों के निराकरण में तेजी लाएं।

कलेक्टर ने कहा कि लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत कोई भी प्रकरण समय–सीमा से बाहर नहीं जाए, इसकी जिम्मेदारी सभी कार्यपालिक मजिस्ट्रेट सुनिश्चित करें। उन्होंने अपर कलेक्टर को नजूल नवीनीकरण के प्रकरणों की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए। बैठक में भू–अर्जन एवं वन व्यवस्थापन के लंबित मामलों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने राजस वसूली के प्रतिशत को बढ़ाने के निर्देश देते हुए कहा कि जिन तहसीलों में राजस्व वसूली का प्रतिशत अपेक्षा अनुसार कम है वहां पर राजस्व अधिकारियों को अतिरिक्त फोकस करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा प्रदाएं लक्ष्य अनुसार राजस्व वसूली सुनिश्चित की जाए। इस दौरान उन्होंने समस्त एसडीएम को यह निर्देश भी दिए की लंबित आरआरसी मामलों में तहसीलदार विशेष रूप से फोकस कर उनका निराकरण सुनिश्चित करे। उन्होंने निर्देश दिए की सभी सहकारी बैंक के प्रबंधकों के साथ साप्ताहिक बैठक की जाए। इस दौरान आरसी वसूली में उम्दा प्रदर्शन करने वाले राजस्व अधिकारियों को नियम अनुसार इंसेंटिव का चेक भी प्रदान किया गया।

कलेक्टर ने समस्त एसडीएम एवं तहसीलदारों को अपने क्षेत्र में खाद वितरण पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देश अनुसार सहकारी समितियों एवं गोदामों के माध्यम से ही खाद वितरण करवाया जाए। नकली एवं अमानक खाद की कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए राजस्व एवं कृषि विभाग की संयुक्त टीम खाद वितरण केंद्रों का औचक निरीक्षण करें और किसान संगठनों के प्रतिनिधियों से नियमित बैठक भी आयोजित करें। कलेक्टर ने आगामी धान उपार्जन के संबंध में समीक्षा के दौरान निर्देश दिए की सभी एसडीएम अपने–अपने क्षेत्र अंतर्गत उपार्जन केन्द्रों के निर्धारण के लिए वेयरहाउस का निरीक्षण कर लें तथा एक सप्ताह के भीतर सभी अधिकारी प्रस्ताव प्रस्तुत करें जिसके आधार पर उपार्जन केन्द्रों को चिन्हित किया जा सके। उपार्जन केंद्र के निर्धारण हेतु समस्त मापदंडों एवं नियमों का पालन भी सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने यह निर्देश भी दिए की सभी एसडीएम समिति प्रबंधकों के साथ बैठक कर उन्हें उपार्जन प्रक्रिया के लिए पूर्व से ही कार्योन्मुख करें। जिले में नरवाई प्रबंधन के लिए की जा रही कार्यवाहियों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर द्वारा सभी अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि पराली के प्रबंधन हेतु उचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि गौशाला में गौवंश के लिए भूसे को व्यवस्था को भी विकल्प बना कर गौशालाओं की मैपिंग समीपस्थ खेतो से करें। समझा इसके बाद भी खेतों में नरवाई जलाने वाले भू स्वामियों पर अर्थ दंड भी अधिरोपित करें। कलेक्टर ने भावांतर योजना के तहत अब तक मंडी स्तर पर बेची गई सोयाबीन फसल की भी समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि गति दिवस हुई अतिवृष्ट के कारण फसलों को हुए नुकसान का सर्वे शीघ्र पूरा करें। उन्होंने खाद वितरण के संबंध में अतिरिक्त काश सेल प्वाइंट स्थापित करने के लिए प्रस्ताव तैयार किए जाने के निर्देश डीएमओ मार्कफेड को दिए। कलेक्टर ने निर्देश दिए की टोकन वितरण प्रणाली को चेनेलाइज करें। प्रयास करें कि पूर्व में वितरित टोकन के आधार पर खाद वितरित की जाए। उन्होंने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि खाद वितरण में अव्यवस्थाओं को दूर कर सुगम खाद वितरण सुनिश्चित किया जाए।

# नायब तहसीलदार की तत्परता से सड़क दुर्घटना में घायल महिला को मिली त्वरित सहायता

जनसंपर्क नर्मदापुरम रविवार को जनपद पंचायत सोहागपुर में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण प्रशिक्षण हेतु जा रही नायब तहसीलदार, शोभापुर तहसील सुहागपुर श्रीमती नीरू जैन द्वारा मार्ग में हुई एक सड़क दुर्घटना में घायल महिला को तत्काल सहायता प्रदान की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कविता पटेल, पति रामखिलावन पटेल, उम्र लगभग 30 वर्ष, निवासी बोनी गुजर सेमरी हरचंद, तहसील सोहागपुर, का अचानक सोहागपुर बस स्टैंड मुख्य बाजार स्थित पलक मती पुल के पास सड़क दुर्घटना हो गया। घटना के पश्चात वहां भारी भीड़ एकत्रित हो गई। घटना स्थल से गुजर रहीं नायब तहसीलदार ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल अपने शासकीय वाहन से घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सोहागपुर पहुँचाया, जहाँ प्राथमिक उपचार प्रदान किया गया।

स्थानीय नागरिकों ने नायब तहसीलदार की तत्परता और संवेदनशीलता की सराहना की। प्रशासन द्वारा मामले की सूचना संबंधित परिजनों को दे दी

## पिपरिया में सड़क सुरक्षा अभियान –पुलिस ने दिलाया हेलमेट पहनने का संकल्प

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, पिपरिया ।** (छगन कुशवाहा पिपरिया) नर्मदापुरम् पिपरिया,राघवेन्द्र सिंह रेत कंपनी द्वारा शुक्रवार को शहर में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में मंगलवारा थाना प्रभारी गिरिश त्रिपाठी, पुलिस विभाग की मौजूदगी में नागरिकों और युवाओं व पत्रकारों को हेलमेट पहनने का संदेश दिया गया। अधिकारी ने कहा कि "हेलमेट केवल चालकों की नहीं, बल्कि पूरे परिवार की सुरक्षा का प्रतीक है।"




अभियान में बड़ी संख्या में बाइक सवारों ने हिस्सा लिया और यातायात नियमों का पालन करने का संकल्प लिया।

रजिस्ट्रेशन नं. 9546171019
किरण फ्रेक्चर एंड पेन क्लीनिक
डॉ. सुयश शर्मा
(हड्डी रोड विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस.डीएनबी आर्थो
मिलने का समय–
प्रातः 11 से दोप. 2.00 बजे तक शाम 5 से 7.30 बजे तक
डॉ.विभा शर्मा
MBBS,MD,FIPM
मिलने का समय–
शाम 6.00 से 7.30 बजे तक
नोट – आधुनिक तकनीक से सभी प्रकार के दर्द का इलाज किया जाता है।
आपरेशन की सुविधा समर्थ अस्पताल में उपलब्ध है। (इमरजेंसी में समर्थ अस्पताल में संपर्क करें)
फ्रेक्चर, स्पोर्ट इंजुरी, सायटिका, गठिया, कमर, ऐड़ी, कोहनी, घुटने के दर्द अथवा चोट का इलाज किया जाता है।
उपलब्ध सुविधाएँ–डिजिटल X-ray, वॉटर प्रूफ प्लास्टर
स्थान–अशोक वार्ड, पी.पी. एस स्कूल के पास, सांडिया रोड पिपरिया

स्वत्वाधिकारी संपादक मुद्रक प्रकाशक–प्रकाशचन्द्र मंडलोई कैलाश पेपर इंडस्ट्रीज, सांडिया रोड, पिपरिया जिला– नर्मदापुरम (म.प्र) से मुद्रित प्रकाशित मो. 09425708959 संपादक –प्रकाशचन्द्र मंडलोई
सभी विवादों का न्यायक्षेत्र पिपरिया न्यायालय रहेगा। E-mail-pipariyaprakash@gmail.com

PIPARIY fina 6-11-2025.pmd 8 11/12/2025, 4:52 PM